हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 22 दिसंबर 2023

तापमान

अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री



उज्ज्वला योजना के लाभ के लिए ई केवाईसी
सस्ते सिलेंडर के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य





## खबर संक्षेप



### सड़क सुरक्षा पर किया आमजन को जागरूक

**रायगढ़।** थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा लैलूंगा घरघोड़ा मुख्य मार्ग पर सोहनपुर पेट्रोल पंप के पास यातायात की जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर वाहन चालकों एवं आसपास के रहवासियों को यातायात नियमों की जानकारी व बचाव के उपाए बताये गये। उन्होंने सड़क हादसों के मुख्य कारण चालक की निर्धारित गति सीमा से अधिक गति में वाहन चलानाए शराब पीकर वाहन चलाना और गलत दिशा में वाहन चलाना को बताए। उन्होंने कई दुर्घटनाओं में नाबालिगों को वाहन चलाते पाना बताये और उपस्थित लोगों को निर्धारित गतिसीमा में वाहन चलानेए नशे के हालात में वाहन नहीं चलाने नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने नहीं देनेए दुपहिया वाहन बिना हेलमेट व फोर व्हीलर वाहन में बिना सीट बेल्ट के वाहन नहीं चलाने और वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करने की हिदायत दिए तथा वाहन के सारे दस्तावेज अपडेट कर वाहन में रखने कहा गया। उन्होंने बताया कि लोग यातायात नियमों का पालन करेंगे तो अवश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। कार्यक्रम में थाना प्रभारी व उनके स्टाफ मौजूद थे।

### अनुपस्थित स्वच्छता पर्यवेक्षक की सर्विस ब्रेक

**रायगढ़।** लगातार अनुपस्थित रहने पर स्वच्छता पर्यवेक्षक के विरुद्ध सर्विस ब्रेक की कार्रवाई की गई है। उक्त अवधि को अनुपस्थिति अनुपस्थिति और अवैतनिक करार दिया गया है। स्वच्छता पर्यवेक्षक विजेंद्र ध्रुव को नगर निगम बिलासपुर से नगर निगम रायगढ़ ट्रांसफर किया गया था। ट्रांसफर होने के उपरांत स्वच्छता पर्यवेक्षक विजेंद्र कुमार ध्रुव ने नगर निगम रायगढ़ में जॉइनिंग दिया, लेकिन बिना सक्षम स्वीकृति के कार्य पर अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहा। इस दौरान स्वच्छता पर्यवेक्षक ध्रुव को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गयाए जिसका प्रति उत्तर भी स्वच्छता पर्यवेक्षक द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया। इसे कार्य के प्रति लापरवाही मानते हुए कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी द्वारा स्वच्छता पर्यवेक्षक के खिलाफ उक्त अवधि को सर्विस ब्रेक और अनुपस्थित, अकार्य दिवस की कार्रवाई की गई।

### कार्यकारिणी विस्तार को लेकर संघ की बैठक

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ब्लॉक इकाई धरमजयगढ़ में जिला अध्यक्ष संतोष पांडेय के निर्देशन एवं तहसील अध्यक्ष हकीमुल्लाह खान के मार्गदर्शन में नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष अनिल गवेल द्वारा संघ की कार्यकारिणी विस्तार हेतु बैठक रखा गया, जिसमें ब्लॉक धर्म जयगढ़ के सभी विभाग शिक्षा, स्वास्थ्य, वन, महिला एवं बाल विकास, कृषि विभाग, न्यायालय विभाग आदि के पदाधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए सभा को संबोधित करते हुए श्रीमती ज्योति अग्निहोत्री मैडम प्राचार्य शासकीय कन्या स्कूल हकीमुल्लाह खान, प्राचार्य स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, राम चरण साहू ब्लॉक अध्यक्ष संयुक्त शिक्षक संघ आदि ने संबोधित करते हुए संघ की एकजुट वह आगामी कार्य योजना पर बात रखी। कार्यक्रम का संचालन बृजेश द्विवेदी अजीत नायक व्याख्याता डाइट धरमजयगढ़ द्वारा करते हुए सभी विभागों से पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया एवं कर्मचारी संघ के कार्य को तेजी से बढ़ाने व समस्त विभागों के शासकीय कर्मचारियों को संघ से जोड़ने का निर्णय लिया गया। उक्त बैठक में विजय गबेल, संजय अग्रवाल, हिमाचल पटेल, सुभाष मिश्रा, केके नायक, बलिराम डेहरे, बालेश्वर राम आदि की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

## तेन्दुभांठा मुख्य मार्ग के मोड़ व चांदमारी मार्ग तिराहा के पास हुआ हादसा

# ट्रैक्टर व बस की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों व एक छात्र की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़



सरसीवां थानांतर्गत महज 4 किलो मीटर दूर तेन्दुभांठा मुख्य मार्ग के मोड के पास एक बड़ी सड़क दुर्घटना हो गई जहां 2 युवकों की घटना स्थल के पास मौत हो गई।

सरसीवां पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बम्हनपुरी गांव के 3 युवक जिसमें फिरत खटकर, नीलकमल साहू, प्रमोद खटकर तीनों फिरत खटकर का ससुराल गायदरहा गए थे। जहा से तीनों अपनी मोटर साइकिल से अपने घर लौट रहे थे तभी यह दुर्घटना हो गया। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर चालक सरसीवां तरफ से अपना गांव बम्हनपुरी जा रहा था वहीं मोटर साइकल से तीनों युवक अपने घर बम्हनपुरी वापस जा रहे थे तभी तीनों तेंदूभाठा के मोड के पास दोनों वाहन के बीच जबरदस्त टक्कर हो जाने से टक्कर इतनी जबरदस्त थी की 2 युवको की मौत घटना स्थल पर ही हो गई जबकि प्रमोद खटकर उम्र 23 साल पिता गीता राम खटकर को हल्की चोटें आई है। घटना स्थल से बम्हनपुरी की दूरी 5 किमी ही बची थी की यह बुरी खबर घर वालों तक पहुंच गईं और घर पहुंचने के पहले ही यह घटना घट गई।घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। एक साथ 2 युवकों की मौत से गांव में गमगीन का माहौल हो गया है। मृतक युवकों में पहले का नाम फिरत खटकर उम्र 35 साल पिता जय लाल खटकर जिनका एक 5 साल का लड़का भी है तथा दूसरे का नाम नीलकमल साहू उर्फ गोलू उम्र 22 साल पिता शीतल साहू के रूप में पहचान हुई है जिसकी शादी नहीं हुई है। घटना के बाद से ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। उक्त टेक्टर को स्वयं टैक्टर मालिक चला रहा था समाचार के लिखे जाने तक ट्रैक्टर चला के और ट्रैक्टर पुलिस के कब्जे से बाहर है। सरसीवां थाना ने मामला पंजीबद्ध कर जांच में जुट गई है।

### इलाज के अभाव में मौत

**रायगढ़।** बुधवार की शाम छुट्टी होने के बाद अपने घर जा रहे कक्षा दसवीं के दो छात्रों को बस चालाक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए ठोकर मार दिया। ठोकर लगने के बाद गंभीर रूप से घायल एक छात्र की इलाज के अभाव में मौत हो गई। वहीं दूसरा छात्र अपनी जिंदगी और मौत से जूझ रहा है।

जानकारी के अनुसार चाहत राज वर्मा पिता जयशंकर वर्मा उम्र 16 वर्ष निवासी दीनदयाल कॉलोनी ढिमरापुर अपने विद्या विकास स्कूल से एक अन्य छात्र सिप्टेन रजा के साथ स्कूटी वाहन से घर लौट रहा था। इस दौरान इंदिरा नगर से चांदमारी मार्ग तिराहा पर अज्ञात बस चालक ने ठोकर मार दिया। परिजनों ने बताया कि घायलों को गंगा नर्सिंग होम ले जाया गया जहां डॉक्टर नहीं होने की बात कह कर उन्हें भेज दिया गया जिसके बाद गंभीर रूप से घायल छात्र को लेकर वह लोग डॉ आरएल अग्रवाल के क्लिनिक ले गए। जहां से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर पीड़ित को जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के दौरान ही पीड़ित को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने निजी क्लीनिक के ऐसे कृत्य पर आरोप लगाया है कि ऐसे निजी क्लीनिक को बंद कराया जाना चाहिए और उसमें पदस्थ डॉक्टरों पर अपराध दर्ज कर उनकी डॉक्टरी की डिग्री छीन लेनी



चाहिए। जो कि केवल पैसा कमाने के लिए अपने डॉक्टर धर्म को भूल चुके हैं। उन्होंने बताया कि यदि समय पर चाहत का इलाज हो जाता तो शायद उसके परिवार की खुशी नहीं छीनती। इस दौरान जिला अस्पताल में उपस्थित वार्ड पार्षद संजय देवांगन ने बताया कि चाहत अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। जो की कक्षा दसवीं का मेधावी छात्र था। वह अपनी स्कूल से घर लौट रहा था। इस दौरान अज्ञात बस चालक द्वारा दुर्घटना को अंजाम दिया गया। जिससे पूरा परिवार शोक में डूबा हुआ है। इसके साथ ही चाहत के व्यवहार से पूरा वर्ड वाकिफ है इसलिए उसके साथ हुई इस दुर्घटना के बाद मोहल्ले और वार्ड के लोग भी उसका अंतिम दर्शन करने जिला अस्पताल पहुंचने से खुद को नहीं रोक पाए।

### शैक्षणिक भ्रमण से स्कूली बच्चों का हुआ ज्ञानवर्धन

**कटेली।** वैदिक विद्या मंदिर के शिक्षकों के द्वारा स्कूली छात्र छात्राओ को क्ष शेक्षणिक भ्रमण के लिए साराडीह बैराज घुमाया गया। साथ मे सभी स्कूल शिक्षक शिक्षिका ने बच्चो के साथ साराडीह बैराज पहुंचकर पूरी भ्रमण किया वही स्कूली बच्चो ने काफी खुशी जाहिर करते हुए पूरी गार्डन व वहा लगे कई प्रकार के झूले का आन्नद उठाया साथ हि शाकाहारी भोजन का आन्नद लिया उसके पश्चात बैदिक विद्या मंदिर स्कूल के प्राचार्य यादव ने वहा पहुंचे सभी छात्र छात्राए को भ्रमण कराते हुए साराडीह बैराज के बारे में व उसके महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। इस तरह से सभी बच्चो ने ध्यान से सूना और समझा और उसके बाद फिर से वहा पर अनेको झूले व गार्डन घूमकर आन्नद लिए इस तरह से बच्चो ने शैक्षणिक भ्रमण कर वापस लौटे इस में लगभग दो सौ छात्र छात्राएं सहित स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे।

### सुशासन दिवस 25 को होंगे विभिन्न आयोजन

**रायगढ़।** भारत रत्न स्व. पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जयंती 25 दिसंबर को सुशासन दिवस मनाया जाएगा। इस दिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छ टॉयलट चैलेंज आयोजित होंगे। इसमें सार्वजनिक एवं सामुदायिक दो टॉयलेट को ऑनलाइन पोर्टल में नामांकित करना होगा।

## स्टेट बार काउंसिल का फैसला रमेश शर्मा बने रहेंगे अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



■ राज्य अधिवक्ता संघ ने आपत्ति को बताया नियम विरुद्ध

जिला अधिवक्ता संघ की दो वर्ष पूर्व गठित कार्यकारिणी यथावथ प्रभाव में रहेगी। इसका फैसला करते हुए राज्य अधिवक्ता परिषद ने जिला अधिवक्ता संघ की गतिविधियों को लेकर लगाई गई आपत्तियों को नियम विरुद्ध बताया है और रमेश शर्मा की अध्यक्षता वाली कार्यकारिणी को बहाल करने का आदेश जारी किया है। ज्ञात हो कि इसी वर्ष अगस्त महीने में अधिवक्ता संघ की सामान्य सभा के दौरान आपसी मनमुटाव के कारण जिला अधिवक्ता संघ का भंग करने का प्रस्ताव पारित कर पुनः चुनाव कराने की योजना बनाई गई थी। जिसे देखते हुए निर्वाचित कार्यकारिणी को भंग कर प्रशासक की नियुक्ति की गई थी, किन्तु जब मामला राज्य अधिवक्ता परिषद में पहुंचा तो परिषद की बेच ने कार्यकारिणी को नियमों के विपरीत भंग करने तथा प्रशासक की नियुक्ति भी नियम विरुद्ध करने की परिस्थिति से अवगत होकर पूरे मामले में सुनवाई करते हुए स्टेट बार काउंसिल ने निर्वाचित कार्यकारिणी को पुनः बहाल कर दिया। वहीं दूसरी तरफ आगामी 2 जनवरी को अधिवक्ता संघ के नई कार्यकारिणी के चुनाव की घोषित तिथि भी अब स्वतः रद्द हो गई। इस निर्णय के बाद खुशी जाहिर करते हुए जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रमेश शर्मा ने बताया कि उनके विरुद्ध जो षड़यंत्र रचा गया था वह ध्वस्त हो गया और सत्य की जीत हुई है। गौरतलब है कि रमेश शर्मा वर्ष 2022 में अधिवक्ता संघ के जिला अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे और 2024 में उनका दो वर्ष का कार्यकाल भी समाप्त हो जाएगा। बार काउसिल छत्तीसगढ के उक्त आदेश से आने वाले समय में संभावित चुनाव को लेकर अटकले तेज हो गई है। वहीं बार के सदस्यों का इस आदेश को लेकर उत्साह देखा जा रहा है।

## बुदबुदा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन, मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़



भारत सरकार से नियुक्त स्वास्थ्य नोडल अधिकारी डॉ मनोज कुमार मुखियार ने ग्राम बुदबुदा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए। सभी विभाग द्वारा हितग्राहियों और नागरिकों को दिए जा रहे इस शिविर व्यवस्था कार्यक्रम का अवलोकन कर डॉ मुखियार ने प्रसन्नता व्यक्त किया। तारीफ में उन्होंने कहा कि अभी तक का विकसित भारत संकल्प यात्रा में सबसे अच्छा कैम्प मैनेजमेंट है।

उन्होंने फोटोग्राफ्स वीडियो को भारत सरकार को रिपोर्टिंग भेजने की बात कही। जिले के ग्राम बुदबुदा, लिप्ती, कुम्हारी और पाट में वीबीएसवाय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वीबीएसवाय कार्यक्रम में मेरी कहानी मेरी जुबानी कार्यक्रम में हितग्राहियों ने योजनाओं से हुए लाभ की जानकारी दिए। स्कूली छात्राओं ने धरती कहे पुकार के अंतर्गत जैविक खेती करने के लिए सभी को प्रेरित किए। सभी गांव के वीबीएस यात्रा कार्यक्रम स्थल में पीएम आवास, पीएम फसल बीमा, आधार अपडेशन, कृषि विभाग द्वारा किसान केसीसी, महिला एवम बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, बैंक, सामाजिक पेंश, राजस्व आदि विभागो का स्टॉल लगाया गया था, जिसमें विभागीय योजनाओं का आवेदन, जानकारी जन जन को प्रदान किया गया।

### जंगल में जुआ खेलते 7 जुआरी गिरफ्तार



**रायगढ़।** अवैध शराब और जुआ सट्टा पर कार्रवाई हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर कल 20 दिसंबर के रात्रि ग्राम संबलपुरी जंगल अंदर 52 पत्ती ताश से जुआ खेलने की मुखबीर सूचना पर थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव अहेर के नेतृत्व में चक्रधरनगर पुलिस द्वारा घेराबंदी कर जुआ रेड कार्यवाही किया गया। जहां दो जुआ फड से 7 जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा। जुआ फड पर 4 आरोपी. 1 बद्रिका प्रसाद निषाद पिता तिहारू राम उम्र 35 वर्ष निवासी किरारी थाना डभरा जिला सक्ती हाल मुकाम ज्ट टावर थाना चक्रधरनगर रायगढ, संतोष देवांगन पिता नेहरू देवांगन उम्र 35 वर्ष, वासुदेव प्रधान पिता कच्ची राम प्रधान उम्र 61 वर्ष, दुखलाल पटेल पिता दयासागर पटेल उम्र 50 वर्ष सभी निवासी टारपाली थाना चक्रधरनगर रायगढ़ पकड़े गए। दूसरे जुआ फड से 3 आरोपी भरत भोय पिता घुट भोय उम्र 26 वर्ष निवासी कोतरलिया थाना चक्रधरनगर, योगेश्वर देवागन पिता नेहरू देवागन उम्र 33 वर्ष, प्रभाकर सेठ पिता सिबोराम सेठ उम्र 52 वर्ष दोनों निवासी टारपाली थाना चक्रधरनगर रायगढ़ को पकड़ा गया। पकड़े गये जुआरियों और उनके फड से जुआ रकम कुल 13,800 और जुआ सामग्री 52 पत्ते ताश प्लास्टिक बोरी, मोमबत्ती को जप्त किया गया है। जुआरियों पर थाना चक्रधरनगर में धारा 3(2) छत्तीसगढ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई किया गया है।

## प्लेसमेंट कर्मचारियों से मारपीट के आरोप में 4 गिरफ्तार, विरोध समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मासिक वेतन वृद्धि के साथ 5 प्रमुख मांग को लेकर दो दिन से जिंदल उद्योग के खिलाफ आंदोलनरत मजदूरों पर गुरुवार सुबह एकाएक जिंदल के सुरक्षकर्मियों ने अघोषित लाठीचार्ज कर दी। मजदूरों को खदेड़ने आंदोलन को कुचलने के लिए लाठियां भांजने से कई मजदूर घायल हो गए किसी का सिर फूटा तो किसी के पैर में गंभीर चोट आई। विडंबना यह रहा सुरक्षा गार्डों की यह करतूत जिला पुलिस बल के सामने हुआ। इसके पश्चात त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित की गई और प्रबंधन तथा कर्मचारियों के बीच समझौता हुआ है।

जिंदल उद्योग में हजारो की संख्या में अलग अलग ठेकेदारों के माध्यय से विभिन्न विभाग में प्लेसमेंट मजदूर कार्यरत है। जिन्होंने बुधवार से आंदोलन का आगाज कर दिया। बुधवार को मान मनौव्वल से कोई बात नहीं बनी। आंदोलन किए जाने से उद्योग प्रबंधन का अधिकांश कामकाज ठप्प हो गया। वही दूसरे दिन गुरुवार को सुबह से ही मजदूरों ने हजारों की संख्या में अलग-अलग गेट के बाहर शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन में बैठे थे। इस बीच एकाएक मजदूरों पर जिंदल उद्योग के



सुरक्षा गार्डों ने लाठियां बरसाना शुरू कर दिया। सुरक्षकर्मी ने जिसे पाया उसकी जमकर पिटाई कर दिया। लाठी बरसाने से कुछ मजदूर का सिर भी फट गया। इससे मजदूरों में भगदड़ की स्थिति निर्मित हो गई। उक्त पूरे घटनाक्रम की वीडियो भी मजदूरों ने इंटरनेट मिडीया में प्रसारित कर दिया। आरोप यह भी है कि पुलिसकर्मियों ने संरक्षण दिए और पहले उनके द्वारा ही मारपीट किया गया। इधर अघोषित लाठीचार्ज से जिला प्रशासन से लेकर पुलिस विभाग के आलाधिकारी में हड़कंप मच गया। प्रशासनिक व पुलिस टीम मौके पर जाकर कानून व्यवस्था बनाने में प्रयासरत रहे। मजदूरों ने शोषण व हक की मांग को लेकर अपना आंदोलन तेज कर दिया। जिंदल उद्योग प्रबंधन के प्रति भारी आक्रोश को देखते हुए प्रबंधन द्वारा मजदूरों की मांग पर त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित किया गया।

## किसान का धान दो लोगों ने बेचा, एसडीएम-तहसीलदार से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एक किसान को भनक तक नहीं लगी और दो ग्रामीणों ने उसकी धान को बेच दिया। पीड़ित ने एसडीएम को शिकायत पाती सौंपकर सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक और पटवारी पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए न्याय की फरियाद की है। खरसिया विकासखंड के ग्राम सेन्द्रीपाली निवासी गोविंद राम पटैल पिता समारू राम ने एसडीएम और तहसीलदार को शिकायत पाती सौंपते हुए बताया कि उसके पिता के नाम खेत में वो फसल वगैरह लगाता है। चपले के सेवा सहकारी समिति में उनका पंजीयन होने पर बीते वर्ष उन्होंने 32 क्विंटल 40 किलो धान बेचा। इस साल जब वो धान विक्रय के लिए टीएसएस चपले पहुंचकर टोकन कटवाया तो 29 क्विंटल धान का पंजीयन दिखाया। सालभर में 3 क्विंटल कम धान के



पंजीयन का सच जानने अजय ने तहसीलदार न्यायालय में आवेदन लगाया तो खुलासा हुआ कि 1 एकड़ जमीन की हेराफेरी हुई है। यही नहींए पता यह भी चला कि गांव के ही कृषक परमेश्वर पटैल और रूपलाल पटैल के नाम 3 क्विंटल धान की बिक्री हुई है। फिर क्याए विभागीय कम्प्यूटर में दूसरे के नाम को विक्रेता के रूप में देख अजय को जब लगा कि उसकी पुश्तैनी जमीन की धान को अन्य लोगों के बेचने से उसे 52 हजार 700 रुपए की आर्थिक क्षति हुई है तो उसने कागजी कार्रवाई शुरू की। एसडीएम को प्रेषित आवेदन में धोखाधड़ी के शिकार किसान ने टीएसएस प्रबंधक गेंदलाल श्रीवास और पटवारी योगेश दर्शन के साथ सांठगांठ कर दो ग्रामीणों द्वारा उसकी धान बिक्री के फर्जीवाड़े की जांच करते हुए दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## पीएम विश्वकर्मा योजना के हितग्राहियों को प्रशिक्षण के मिलेंगे 5 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लोगों के हुनर को निखारने के लिए और उसे आय प्राप्त करने के लिए पीएम विश्वकर्म योजना वरदान साबित होगा। योजना के तहत हुनर परंपरागत व्यवसाय को निखारने के लिए शासन द्वारा हितग्राहियों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इतना ही नहीं हितग्राहियों को प्रशिक्षण का अधिकतम पांच हजार रुपए तक मिलेगा।

21 दिसंबर से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पीएम विश्वकर्मा योजना के लिए शुरू हो गया है। योजना से संबंधित हितग्राही आफलाइन फार्म निगम के डे एनयू एल एम विभाग में जमा कर सकते हैं। इसमें 18 प्रकार के ट्रेड परंपरागत व्यवसाय का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें कारपेंटर बढ़ाई, नाव बनाने वाला, आस्त्राकार, लोहार, हथोड़ा और टूलकिट निर्माता, मरम्मत करने वाला, मूर्तिकार पत्थर तोड़ने वाला, सोनार, कुम्हार, मोची, फुटवियर कारीगर, राज मिस्त्री, टोकरी चटाई झाड़ू निर्माता, कायर बुनकर, गुड़िया और खिलौना निर्माता, नई, माल निर्माता मालाकार, धोबी, दर्जी, मछली पकड़ने का जाल निर्माता, इस तरह 18 ट्रेड परंपरागत व्यवसाय शामिल हैं। प्रशिक्षणकर्ता को प्रति दिवस प्रशिक्षण शासन द्वारा 500 रुपए 5 दोनों का 2500 रुपए एवं एडवांस ट्रेनिंग के लिए 5000 रुपए तक मिलेगा। प्रशिक्षण के लिए किसी भी चॉइस सेंटर या नगर निगम के डे एनयू एल एम में पंजीयन फॉर्म जमा किया जा सकता है। प्रशिक्षण उपरांत योजना के तहत टूलकिट लाभ डिजिटल लेनदेन के लिए इंसेंटिव और मार्केटिंग सपोर्ट की सुविधा मिलेगी। इसमें प्रशिक्षण प्राप्त हितग्राहियों को पहले चरण में एक लाख रुपए तक की और दूसरे चरण में 2 लाख रुपए तक की सहायता मात्र 5 प्रतिशत की ब्याज से बैंकों द्वारा लोन दिया जाएगा। पंजीयन के लिए आवेदनकर्ताओं को हितग्राही का आधार कार्ड परिवार, उनके परिवार का आधार कार्ड फोटो कॉपी, राशन कार्ड का फोटो कॉपी एवं बैंक पासबुक का फोटो कॉपी मोबाइल नंबर सहित आवश्यक दस्तावेज जमा करना होगा। निगम कमिश्नर सुनील चंद्रवंशी ने डे एनयू एल एम विभाग की बैठक लेकर पीएम विश्वकर्म योजना का ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों तक लाभ पहुंचे इसके लिए तय लक्ष्य एवं कार्ययोजना अनुसार युवाओं को लाभ दिलाने और उन्हें योजना से जोड़ने प्रेरित करने के निर्देश दिए हैं। पीएम विश्वकर्मा योजना का क्रियान्वयन छत्तीसगढ में विष्णु सरकार बनने के बाद तेजी से प्रारंभ हुआ है जो युवाओं के लिए महत्वकांक्षी योजना साबित होगा।

### सालभर की जीएसटी विवरणी में भूल सुधार का अंतिम मौका

# 31 दिसंबर तक जमा कर सकेंगे जीएसटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जीएसटी की वार्षिक रिटर्न जीएसटीआर 9 को जमा करने में अभी कई करदाता पीछे हैं। यह ऐसी रिटर्न हैं जिसमें करदाता पिछले वित्तीय वर्ष की मासिक विवरणी को भरते समय की गई गलतियों को सुधारा जा सकता है। इसे जमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है। तय अवधि के बाद प्रतिदिन के हिसाब से 200 रुपए की पेनाल्टी भी जमा करनी पड़ सकती है।

रायगढ की बात करें तो दो करोड़ और पांच करोड़ रुपए का सालाना कारोबार करने वाले कारोबारियों की संख्या 4 से 5 हजार के बीच है। अभी 50 से 60 प्रतिशत करदाताओं ने इस रिटर्न को जमा किया है। अधिवक्ता व कर विशेषज्ञ राजेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि जीएसटी की धारा 44, रूल 80 के





■ रायगढ़ में पांच करोड़ तक का कारोबार करने वालों की संख्या 5 हजार के करीब

प्रावधानों के अनुसार जिन व्यवसायियों का वार्षिक टर्नओवर 2 करोड़ रुपए से अधिक है, उन्हें फॉर्म जीएसटीआर 9 में वार्षिक रिटर्न भरना अनिवार्य है। जिनका रिटर्न पांच करोड़ रुपए से अधिक है उन्हें जीएसटीआर.9 के साथ जीएसटीआर. 9 सी भी भरना अनिवार्य किया गया है।

#### मासिक विवरण होती है जमा

जीएसटी में पंजीकृत कारोबारी या उद्योगपति हर महीने विवरणी जमा करता है। वह जीएसटीआर.1 होती है। इसमें भेजे गए माल का ब्यौरा रहता है। इसके जमा करने पर जीएसटीआर.2 अपने आप जनरेट हो जाती है। इसमें खरीदी का ब्यौरा रहता है। वहीं महीनेभर का पूरा विवरण खरीदी.बिक्री और टैक्स की जानकारी जीएसटीआर.3 बी में दी जाती है। वहीं जीएसटीआर.9 वार्षिक विवरणी है। अभी वित्तीय वर्ष 2022.23 का ब्यौरा दिया जाना है। इसे जमा करना अनिवार्य होता है। समय पर जीएसटी जमा नहीं किए जाने पर 2 सौ रुपए प्रतिदिन के हिसाब से आर्थिक दण्ड का प्रावधान है एवं जीएसटी नियमों के तहत व्यापारी का प्रमाण पत्र भी निरस्त किया जा सकता है। जिससे व्यापारियों को सरलता से व्यापार करने में विभिन्न प्रकार के दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

### ट्रक से टकराई बस चालक गंभीर



**रायगढ़।** नगर के तनिष्क शोरूम के करीब तीन दर्जन कर्मचारियों को राजधानी में आयोजित कार्यशाला से लेकर लौट रही यात्री बस सारंगढ के गुडेली के पास एक ट्रक से जा टकराई। इस घटना मे बस यात्री तो सुरक्षित बच गये लेकिन चालक केबिन मे फंस गया। मौके पर मौजूद लोगों ने 112 की मदद कर घायल बस चालक को अस्पताल पंहुचाया। बताया जा रहा है कि बस चालक को झपकी आने के कारण उसका वाहन से नियंत्रण गडबडा गया और बस सामने आ रहे एक ट्रक से जा टकराई। पुलिस ने प्रकरण विवेचना मे ले लिया है।

21-Dec -RAG Bhoomji -pg-2_Layout 1 12/21/2023 9:36 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### शासकीय प्राथमिक शाला में नाट्य मंचन

**कटेली।** शासकीय प्राथमिक शाला बुटीपारा सारंगढ़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत धरती कहे पुकार के थीम पर नाटक का शानदार आयोजन किया गया। प्रधान पाठक प्रियंका गोस्वामी के कुशल निर्देशन में विद्यार्थियों ने इस नाटक में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस नाटक में मुख्य रूप से जिन उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया वह था प्लास्टिक पॉलीथिन का उपयोग बंद करना पेड़ों की कटाई रोकना रासायनिक खादों का उपयोग न करना उसकी जगह जैविक एवं परम्परागत खाद का उपयोग करना। इस नाटक में भाग लेने वाले विद्यार्थी नन्दनी बरेठ, धारा कुमारी सिदार, सारिका यादव, टिकेश्वरी संवरा, कुलदीप मुंडा, प्रिंस मुंडा, हिमेश निषाद, प्रिंस देवांगन, वेदान मुंडा, प्रेम माली रहे। संकुल समन्वयक ज्योति प्रकाश खेस ने विद्यार्थियों एवं शालेय परिवार को बधाईयाँ प्रेषित की हैं।

### आईटीआई प्राचार्य से मिला कर्मचारी संघ का प्रतिनिधि मंडल

**घरघोड़ा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने बताया कि जिला शाखा रायगढ़ का प्रतिनिधि मंडल कार्यकारी अध्यक्ष संजीव सेठी के नेतृत्व में आई टी आई रायगढ़ प्राचार्य से मिल कर संचालक डी जी टी भारत सरकार एसंचालक संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ का पत्र क्रमांक 1460 दिनाक 21,4, 23 के आदेश के तहत समय सारणी बनाने हेतु ज्ञापन दिया, साथ में प्रदेश में अन्य आईटीआई में संचालित समय सारणी के बारे में भी अवगत कराया, एवं अन्य कर्मचारी हितों के विषयों पर भी सौहार्द पूर्ण वातावरण में चर्चा हुई जिसके पश्चात प्राचार्य द्वारा समय सारणी हेतु कमेटी का गठन कर दिया गया है, कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मण्डल में कार्यकारी अध्यक्ष संजीव सेठी वरिष्ठ पदाधिकारी एलबीएस जटवार सुखदेव सिदार के साथ आईटीआई रायगढ़ के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे।

### भागलपुर मंदिर परिसर की हुई सफाई

**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय के भागलपुर बरटोली स्थित बुढ़ा महादेव मंदिर में लगभग दो माह से पेड़ की टूटी हुई डालियां बिखरी हुई थी। टूटी डालियों से मंदिर की पूरी व्यवस्था अस्त व्यस्त हो गई थी। रास्ता बाधित होने से मंदिर के पीछे की बस्ती के रहवासियों को भी आने-जाने में परेशानी हो रही थी। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना बगिया स्थित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को दी। भगवान आशुतोष के भक्तो की भावना और बस्तीवासियों को रही असुविधा को देखते हुए, मुख्यमंत्री निवास ने कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल को धाराशाई हुए विशाल शाखा को हटाने को के लिए कहा। कलेक्टर के निर्देश पर नगर पालिका ने मजदूरों के सहयोग से पेड़ की डालियो को हटाने के साथ ही, सफाई भी करा दी है। मंदिर आने वाले श्रद्धांलुओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल एवं नगर पालिका के सीएमओ दीपक एक्का का आभार व्यक्त किया है।

### पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा 31 तक

**जशपुरनगर।** राज्य शासन द्वारा साग-सब्जी की खेती करने वाले उद्यानिकी कृषकों को प्रतिकूल मौसम से होने वाले क्षति से बचाने के लिए मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू की गई है। उद्यान विभाग के सहायक संचालक उद्यान ने बताया कि मौसम आधारित फसल बीमा योजना के रबी मौसम में पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर तक निर्धारित की गई है। जिस हेतु जिले के किसानों के फसल बीमा के लिये शासन द्वारा भारतीय कृषि बीमा कंपनी से अनुबंध किया गया है। इन अधिसूचित फसलों पर कृषकों को प्रीमियम राशि ( प्रति हेक्टेयर) देय होगी। इस योजना में पुनर्गठित मौसम रबी वर्ष 2023-24 हेतु अधिसूचित फसल के लिए ऋणी कृषकों को अंतिम तिथि 31 दिसम्बर से पहले निकटतम राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, जिला सहकारी बैंक, प्राथमिक सहकारी समितियां, लोक सेवा केन्द्र, भारत सरकार की बीमा पोर्टल, डाक विभाग के माध्यम से फसल बीमा करा सकते हैं।

### विभिन्न ग्रामों में आयोजित होगा विशेष शिविर

# पीएम-जनमन योजना में विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के लोग होंगे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जनजातीय गौरव दिवस पर पीएम जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान के तहत पीएम जनमन योजना की शुरुआत की गई। इस योजना के तहत सरकार आदिवासी समूह और जनजातीय तक पहुंचेगी।

अधिकांश लोग अब तक जंगल में रहते हैं ऐसे में इन लोगों के लिए रहने सहने और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के उत्थान के उद्देश्य योजना प्रारंभ की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पीएम जनमन योजना शुरू करने का मुख्य उद्देश्य देश के जनजाति आदिवासी समुदाय के नागरिकों का विकास करना है,ताकि उन्हें बेहतर जीवन मिल सके। इसलिए इस योजना के माध्यम से आदिवासी जनजातियों के परिवार को सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी जैसे सड़क, दूर संचार कनेक्टिविटी, बिजली, स्वच्छ पेयजल, शिक्षा स्वास्थ्य पोषण आदि। पीएम जनजाति योजना के तहत सुविधा- विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह मिशन के तहत लगभग 28 लाख पीव्हीटीजी को दायरे में लाया जाएगा।

■ कराई जाएगी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध

इस मिशन के तहत आदिवासी जनजातियों के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे।

इस मिशन के तहत पीव्हीटीजी क्षेत्र में सड़क और टेलीफोन की सुविधा, बिजली सुविधा, सुरक्षित घर, पीने का साफ पानी, सफाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और रहने सहने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। प्रधानमंत्री जनमन योजना पात्रता-देश के मूल निवासी आदिवासी इस योजना का लाभ ले पाएंगे और आदिवासी जनजाति पिछड़े आदिवासी योजना के लिए पात्र होंगे। शासन के निर्देशानुसार पीएम-जनमन योजना के तहत जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के लोगों को योजना का शत प्रतिशत लाभ देने के उदेश्य से 22 दिसम्बर 2023 से विशेष शिविर का आयोजन पीव्हीटीजी निवासरत क्षेत्र के विकासखण्डों में किया जा रहा है। इनमें बगीचा, मनोरा और कुनकुरी विकासखण्ड के कुल 94 ग्रामों में शिविर का आयोजना किया जाएगा। जहां विकाखण्ड एवं जिला स्तर के अधिकारी पहुंचकर केन्द्र एवं राज्य सरकार की पीएम-जनमन योजना के बारे में जानकारी देकर योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही योजना के तहत के आवास, स्वच्छ पेयजल, बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, सड़क और दूरसंचार कनेक्टिविटी के साथ-साथ स्थायी आजीविका के अवसर सहित विभिन्न क्षेत्र में लाभ देने के लिए सर्वे किया जाएगा।

# धान चोरी के चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

कृषक के खेत में काटकर रखे धान की चोरी करने वाले 04 आरोपियों को थाना सन्ना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

प्रार्थी जितेन्द्र राम उम्र 28 साल निवासी कन्दराई ने 20 दिसंबर को थाना सन्ना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने खेत में धान की फसल पकने के बाद काटकर खेत में ही छोड़ दिया था। जब धान को उठाने खेत गया तो देखा कि इसके गांव के 1-राजकिशोर राम उम्र 48 साल, 2-सुखदेव राम उम्र 46 साल, 3-विसुन प्रसाद उम्र 42 साल एवं 4-मुसन राम उम्र 27 साल सभी निवासी कन्दराई थाना सन्ना एक साथ मिलकर प्रार्थी के धान को उठा रहे थे। प्रार्थी द्वारा उन्हें मना करने पर वह नहीं माने एवं प्रार्थी को वहां से भगा दिये। बाद में वे चारों मिलकर प्रार्थी के धान को उठाकर ले गए । प्रार्थी की रिपोर्ट पर उक्त धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की विवेचना दौरान थाना सन्ना स्टॉफ द्वारा तत्परतापूर्वक कार्यवाही कर आरोपियों उनके निवास पर दबिश देकर उन्हें अभिरक्षा में लिया गया, पूछताछ में उनके द्वारा धान की चोरी करना स्वीकार करने पर सभी आरोपियों से 02-02 बोरी को धान जप्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध पर्याप्त अपराध सबूत पाये जाने पर उन्हें 21 दिसंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। प्रकरण की विवेचना एवं आरोपीगणों को गिरफ्तार करने में निरीक्षक हर्षवर्धन चैरासे, प्रदीप तिर्की, प्रदीप खलखो, शिवशंकर रवि का सराहनीय योगदान रहा।

## पीएम आवास बनने से पहाड़ी कोरवा पुनियारी बाई की दूर हुई समस्याएं

**जशपुरनगर।** कुछ साल पहले पहाड़ी कोरवा पुनियारी बाई के पास न कोई घर था और न ही कोई नियमित ठिकाना। किसी तरह से कच्चा मकान बनाकर रह रही पुनियारी बाई ने कभी सोचा ही नहीं था कि एक दिन उनका घर भी पक्का बन जायेगा। पाठ इलाके में रहने वाली पुनियारी बाई प्रधानमंत्री आवास मिलने से खुश है, पहले बारिश के दिनों में झोपड़ी की छत से पानी टपकने से बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब पक्के आवास में रहने से उनकी कई समस्याएं दूर हो गई है। जशपुर जिले के मनोरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम हर्रापाठ में रहने वाली पहाड़ी कोरवा श्रीमती पुनियारी बाई ने बताया कि वे पहले टूटी-फूटी झोपडी में रहते थे। पति के जीवित रहते पक्का मकान तो उनके लिए एक सपना सा ही था। कही से कोई ऐसी आमदनी ही नहीं थी कि वे अपनी झोपड़ी को पक्का बना सके। उन्होंने बताया कि पति के मौत के पश्चात जीवनयापन बहुत कठिन हो गया है। उनके पांच बच्चे हैं, ऐसे में प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत होने के पश्चात पक्का मकान बन जाने से उनकी घर की समस्या काफी हद तक दूर हो गई है। पहाड़ी कोरवा पुनियारी बाई का कहना है कि पक्के मकान की बार-बार मरम्मत की नौबत नहीं आएगी, बारिश के दिनों में भी छत से पानी गिरने की समस्या दूर हो गई है। बेवा पुनियारी बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह मकान गरीबों के लिए सिर्फ एक छत ही नहीं है, आने वाले कल का बेहतर भविष्य भी है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में 18 लाख पीएम आवास की स्वीकृति व निर्माण को गति देने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद भी दिया।



■ पहले बारिश में छतों से टपकता था पानी

## कियोस्क बैंक का आईडी दिलाने के नाम पर 20 हजार की ठगी

**जांजगीर-चांपा।** किओस्क बैंक का आईडी दिलाने के नाम पर 20 हजार रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बम्हनीडीह थाना क्षेत्र के ग्राम सोंठी का है। इस संबंध में बम्हनीडीह पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हीराराम केवट निवासी सोठी ने 16 दिसंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि निर्मल चंद्रा अपने आप को बैंक का कर्मचारी बताते हुए अपने साथी के साथ मिलकर किओस्क बैंक आईडी दिलाने के नाम पर फोन पे के माध्यम से 10 हजार एवं नगद 10 हजार सहित कुल 20 हजार ले लिए और आईडी नहीं दिलाने पर आरोपी निर्मल चंद्रा के संबंध में पता करने पर पता चला की आरोपी बैंक का कर्मचारी नहीं है। आरोपी प्रार्थी के अन्य साथियो से भी आईडी दिलाने के नाम पर पैसा लिया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 420,34 भादवी कायम कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी निर्मल चंद्रा के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर 17 दिसंबर को न्यायिक रिमांड में भेजा जा चुका है।

## समुदाय स्तर के हितग्राही ले रहे जल का प्रशिक्षण

**जशपुरनगर।** जल जीवन मिशन, छत्तीसगढ़, जल शक्ति मंत्रालय, पेय जल एवं स्वच्छता विभाग, भारत सरकार एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग छत्तीसगढ़ सरकार के तहत भारत सरकार से चयनित मुख्य संसाधन केन्द्र एक्शन फॉर कम्युनिटी एम्पावरमेंट द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड जशपुर के समन्वय में 19 से 22 दिसम्बर तक समुदाय स्तरीय हितग्राहियों का 4 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण होटल निरवाना में प्रारंभ किया गया था। प्रशिक्षण का समापन शुक्रवार को किया जाएगा।

कार्यक्रम में मनोरा विकासखण्ड के सरपंच, उप सरपंच, वार्ड पंच एवं पानी समिति के सदस्य को शामिल किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णतः आवासीय है। सभी प्रतिभागी प्रशिक्षण स्थल में रहकर जल जीवन मिशन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी हासिल कर रहे हैं। जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के

# जल जीवन मिशन : चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का समापन आज



प्रशिक्षण प्राप्त करते हितग्राही।

कार्यपालन अभियंता ने कहा कि जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के तहत पुरे जिले के ग्रामीणों के घरों में नल जल योजना से कियाशील नल उपलब्ध कराने का कार्य जशपुर जिले के सभी ग्रामों में किया जा रहा है, हर घर नल से जल पहुंचाने का कार्य लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंण्ड के द्वारा समय-सीमा के अन्दर समपन्न करने का प्रयास किया जा रहा है। सभी ग्रामीणों का क्षमता वर्धन इस विषय पर किया जा रहा है। जिससे निश्चित ही जल जीवन मिशन योजना का सफल संचालन एवं रख-रखाव में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि आप सभी जल जीवन मिशन के मुख्य अंग है एवं आपकी सहभागिता से गांव में जागरूकता पैदा होगी। जिससे नल जल योजना का सफल संचालन किया जा सके। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से 4 दिवसीय प्रशिक्षण में सजकता पूर्वक भाग लेने की बात कही। जिससे वे ज्यादा से ज्यादा ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामीणों को लाभान्वित कर सके। उन्होंने कहा कि हर घर जल का सफल संचालन एवं रख-रखाव करने के लिए ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को आप सब सशक्त करेगें। केआरसी संस्था एसीई द्वारा प्रशिक्षण के दौरान जानकारी के साथ-साथ पढ़ने योग्य सामग्री भी उपलब्ध कराई जा रही है। जो प्रतिभागियों के लिए बहुत ही उपयोगी होगी। केआरसी संस्था के एसीई सचिव महेश अग्रवाल ने कहा कि हर घर जल योजना का सफल संचालन एवं रख-रखाव केवल और केवल ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति या पानी समिति के लोग ही कर पायेंगें।

# पुण्यतिथि पर शत्रुंजय को दी श्रद्धांजलि

**जशपुरनगर।** नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष और राजपरिवार के सदस्य शत्रुजंय प्रताप सिंह जूदेव की 11 वीं पुण्य तिथि पर शहरवासियों ने उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शहर के बीएसएनएल आफिस के पास स्थित मैदान में श्रद्धांजलि सभा और भंडारा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में भारी संख्या में शहरवासी, अपने प्रिय नेता को श्रद्धासुमन अर्पित करने पहुंचे थे। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नगरपालिका जशपुर के उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि शत्रुजंय प्रताप सिंह जूदेव, जशपुर जिले के युवाओं के धड़कन थे। उन्होनें अपने जीवनकाल में नगरपालिका उपाध्यक्ष रहते हुए, शहर के विकास में अहम योगदान दिया। भाजयुमो के नेता नीतिन राय ने कहा कि शत्रुजंय प्रताप सिंह जूदेव की मिलनसारिता और मृदु व्यवहार, आज भी लोगों की स्मृति पटल में ताजा है। उन्होनें कहा कि सुच्चा बाबा,सदैव हम सबके हृद्य में धड़कते रहेगें। पुण्य तिथि के अवसर पर आयोजित भंडारा में शहर सहित आसपास के सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस सभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल राय, विनोद मिश्रा, ललित सिंह, संजय सिंह, आकाश गुप्ता, राजेश सिन्हा, विदेश मिश्रा, विजय गुप्ता, पार्षद हिमांशु वर्मा, भाजपा के मिडिया प्रभारी फैजान खान, राहुल गुप्ता, रविन्द्र पाठक, सुनिल अग्रवाल सहित भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।


शत्रुजंय प्रताप सिंह जूदेव को श्रद्धांजलि अर्पित करते नागरिकगण।

## लोक कलाकारों की प्रतिभा पहचान के लिए प्रविष्टिया 28 तक

**जशपुरनगर।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग ब्लॉक- डी, भूतल इन्द्रावती द्वारा गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव योजना नियम वर्ष 2005 अनुसार अनुसूचित जाति वर्ग के लोगो की पारंपरिक लोक कला यथा लोकगीत, लोकगायन, लोकनृत्य, पंथी नृत्य,पंडवानी, भरथरी व परंपरागत लोक वाद्य आदि में लोक कलाकारों के प्रतिभा की पहचान करना है। इच्छुक प्रतिभागी 28 दिसंबर 2023 तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जशपुर में अपना प्रविष्टियां जमा करा सकते हैं। जिला स्तरीय प्रतियोगिता विकास खण्ड पत्थलगांव में 07 जनवरी 2024 को दोपहर 2.00 से आयोजित किया जाएगा।

# ग्राम पंचायतों में शिविर का हो रहा का आयोजन

**जशपुरनगर।** प्रदेश सहित जिलेभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा जारी है। इसी कड़ी में गुरूवार को स्थानीय विकासखंड सहित जिले के सभी विकास खंडों के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जशपुर विकासखंड के ग्राम गम्हरिया, गिरांग, पत्थलगांव के पालीडीह, पतरापली, बगीचा के ग्राम खखरा, कवई और कुनकुरी के ग्राम कमतरा, केराडीह सहित अन्य ग्राम पंचायत शामिल हैं।

■ विकसित भारत संकल्प यात्रा

ग्राम पालीडीह में आयोजित शिविर का विकसित भारत संकल्प यात्रा के नोडल एवं जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा ने अवलोकन किया। इस दौरान सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी से जानकारी ली और शेष बचे हुए लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने एवं सभी लोगों का सिकल सेल स्क्रीनिंग करने हेतु निर्देशित किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा लोगों को आपसे में जोड़ने और उन्हें सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए आवश्यक ज्ञान से लैस करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा हैं। यात्रा वैन के माध्यम से जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने और आवश्यक सेवाएं प्रदान करने के लिए बनाई गई इन योजनाओं के बारे में लोगों जागरूक किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लाकर और व्यापक जानकारी देने हेतु काम आ रहा तथा लोगों के सशक्तीकरण और उत्थान के लिए एक मंच तैयार किया है।



## बुदबुदा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन, मिला लाभ



**सारंगढ़।** भारत सरकार से नियुक्त स्वास्थ्य नोडल अधिकारी डॉ मनोज कुमार मुखियार ने ग्राम बुदबुदा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए। सभी विभाग द्वारा हितग्राहियों और नागरिकों को दिए जा रहे इस शिविर व्यवस्था कार्यक्रम का अवलोकन कर डॉ मुखियार ने प्रसन्नता व्यक्त किया। तारीफ में उन्होंने कहा कि अभी तक का विकसित भारत संकल्प यात्रा में सबसे अच्छा कैम्प मैनेजमेंट है।

उन्होंने फोटोग्राफ्स वीडियो को भारत सरकार को रिपोर्टिंग भेजने की बात कही। जिले के ग्राम बुदबुदा, लिप्ती, कुम्हारी और पाट में वीबीएसवाय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वीबीएसवाय कार्यक्रम में मेरी कहानी मेरी जुबानी कार्यक्रम में हितग्राहियों ने योजनाओं से हुए लाभ की जानकारी दिए। स्कूली छात्राओं ने धरती कहे पुकार के अंतर्गत जैविक खेती करने के लिए सभी को प्रेरित किए।

सभी गांव के वीबीएस यात्रा कार्यक्रम स्थल में पीएम आवास, पीएम फसल बीमा, आधार अपडेशन, कृषि विभाग द्वारा किसान केसीसी, महिला एवम बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, बैंक, सामाजिक पेंश, राजस्व आदि विभागो का स्टॉल लगाया गया था, जिसमें विभागीय योजनाओं का आवेदन, जानकारी जन जन को प्रदान किया गया।

# गुरुघासीदास जयंती पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**पत्थलगांव।** गुरुघासीदास बाबा की जयंती में धूमधाम से निकाली गई भव्य शोभायात्रा हजारों की संख्या में लोग हुए शामिल आधुनिक भारत के नैतिक ,सामाजिक, धार्मिक तथा आध्यात्मिक जागरण के एक महान शिल्पीकार थे गुरु घांसी दास भगवान बुद्ध की परंपरा के महान संत ,बुद्ध की तरह ही मानव की समानता ,नैतिक मूल्यों के समर्थक ,सामाजिक समानता ,व्यक्ति की गरिमा के हिमायती एव उनकी ही तरह धार्मिक आडंबरों ,हिंसा,चोरी ,नशा से दूर रहने की बात करने वाले महान संत गुरु घासी दास जी जयंती पर समस्त मानव प्राणियों को सिख लेने की आवश्यकता है।

पूरे देश प्रदेश में गुरु घासीदास बाबा की जयंती जोर शोर से मनाई जा रही है। गुरु घासीदास आधुनिक भारत के नैतिक ,सामाजिक, धार्मिक तथा आध्यात्मिक जागरण के एक महान शिल्पीकार थे। आधुनिक युग में घासीदास एक सशक्त व्यक्तित्व के साथ आध्यात्मिक गुरु थे । वे नवजागरण का संदेश लेकर अवतरित हुए थे। महापुरुषों की जयंती इसलिए मनाई जाती है। जिससे उनके द्वारा दिए गए संदेश हम आने वाले अनेक पीढ़ियों तक पहुंचा सकें। बाबा ने आज से लगभग ढाई सौ बरस पहले इस समाज के दबे कुचले निचले वर्ग का मनोबल बढ़ाने, उनके आत्मसम्मान को जागृत करने, उसमें साहस भरने, संगठित रहने एवम् विभिन्न प्रकार की सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिए थे बाबा ने उस समय की सामाजिक विषमता को देखा जिसमें समाज का एक वर्ग हर स्थान पर भेदभाव का शिकार हो रहा था। और उनके पास उस समय आर्थिक संसाधन भी नहीं थे। सन्तोष टांडे ने कहा हमने दस दिन पहले से ही गुरु घांसी दास जयंती के लिए तैयारी में लगे थे सोमवार को शाम को युवाओ ने बाइक रैली निकाली थी 4 बजे से गुरु घासीदास बाबा की शोभायात्रा अम्बेडकर नगर से निकल कर शहर के तीनों मार्गो में निकाली गई बस स्टैंड में पंथी नृत्य ने सभी का मन मोह लिया लगभग तीन हजार लोगो की भीड़ में गुरु घासीदास की शोभायात्रा देखने लायक थी जो गुरु घासीदास जी का मानना था की हम दूसरों से अपना हक अधिकार मांगने से पहले हमको स्वयं में सुधार करने की जरूरत हैं। क्योंकि उस समय की सामाजिक व्यवस्था के कारण इस वर्ग के लोग स्वयं भी कई प्रकार के दुर्गुणों एवम् सामाजिक बुराइयों से ग्रसित थे। हमे गुरु घासीदास के बताए मार्गो का अनुसरण करना चहिए। अर्जुन रत्नाकर ने कहा बाबा ने समाज के लोगों में व्याप्त सामाजिक बुराई जैसे, नशा-पान ,मांसाहार सेवन, पशु क्रूरता से दूर रहने की बात कही थी। बाबा ने आध्यात्मिक शक्ति के द्वारा ज्ञान प्राप्त किया और उस ज्ञान को समाज के बीच प्रचारित किया था।



## समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जारी

**जशपुरनगर।** खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर जिले के पंजीकृत किसानों से धान खरीदी जारी है। जिले के उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी में वृद्धि हो रही है। लगातर किसान धान बेचने खरीदी केन्द्र में आ रहे हैं। किसानो की सुविधा हेतु छत्तीसगढ़ शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण द्वारा जशपुर जिले में 24 समिति के 46 धान उपार्जन केन्द्र संचालित है।

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

21-Dec -RAG Bhoomji -pg-3_Layout 1 12/21/2023 8:37 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### रामनगर में श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ कथा 24 से



**कोरबा।** रामनगर एकता चौक में 24 से 31 दिसंबर तक श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ कथा का अयोजन किया जा रहा है। 24 दिसंबर को कथावाचक पं. श्री नरेश दुबे जी महाराज करनौद वाले द्वारा संगीतमय भागवत कथा के साथ कलश शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। कथा आयोजन बीपी तम्बोली रामनगर द्वारा किया जा रहा है। आयोजनकर्ता ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ कथा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पूण्य का भागीदारी बनें।

### बुधराम का बन रहा पक्का मकान, अब नहीं होगा परेशान



**कोरबा।** मजदूरी का काम करने वाले बुधराम अघरिया का सपना था कि उसका भी कोई पक्का मकान हो, ताकि बारिश के दिनों में उनके परिवार को परेशान न होना पड़े। मजदूरी कर किसी तरह जीवन यापन करने वाले बुधराम को जब जानकारी मिली कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत उनका नाम भी आवास के लिए चयनित किया गया है तो उन्हें बहुत खुशी हुई। अब खाते में राशि मिलने के पश्चात बुधराम अपने पक्का मकान का सपना पूरा कर रहा है। पोड़ी-उपरोड़ा विकासखण्ड ग्राम मोरगा के जूनापरा में रहने वाले बुधराम अघरिया ने बताया कि गरीबी की वजह से पक्का मकान का सपना उसके लिए एक सपना था। बुधराम ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत हितग्राही के रूप में उनका नाम आने के पश्चात उसे आवास निर्माण के लिए राशि प्राप्त हुई। राशि मिलने के पश्चात वह अपना मकान बना रहा है। कुछ दिनों के भीतर घर पूरी तरह से बन जाएगा और वे अपने परिवार के साथ पक्के मकान में शिफ्ट हो जाएंगे। बुधराम ने बताया कि वे वर्तमान में कच्चे मकान में निवास करते हैं। मकान कच्चा होने की वजह से बारिश में बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता है। खपरे से भी पानी नीचे टपकने से बिस्तर भीग जाते थे।

### पीजी कॉलेज में निबंध लेखन भाषण प्रतियोगिता



**कोरबा।** शाससकीय इंवि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को विकसित भारत 2047 के तहत शपथ पत्र, ऑनलाइन सुझाव प्रेषण, नारा लेखन, निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. रेणु बाला शर्मा के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में विकसित भारत 2047 से संबंधित शपत्र पत्र का वाचन विभाग एवं कक्षा अनुसार किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्रों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विकसित भारत संकल्प यात्रा आशा का एक जीवंत कारवां है यह सभी भारतीयों के घरों तक सशक्तिकरण और उज्वल भविष्य को सुनिश्चित करती है। शपथ पत्र का वाचन आई क्यू ए सी प्रभारी डॉ.संदीप शुक्ला के नेतृत्व में तथा निबंध एवं भाषण डॉ.बीएल साय के दिशा निर्देश में किया गया। विकसित भारत अभियान का लाइव प्रसारण विद्यार्थियों ने देखा। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एम ए प्रथम की लोमश कश्यप, द्वितीय स्थान बी ए प्रथम वर्ष की रेणुका धीवर, तृतीय स्थान एमएससी प्रथम सेम की विनय सोनी ने प्राप्त की। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ डी दुबे, श्रीमति अमोला कोर्राम, कन्हैया सिंह कँवर, दीपक टेकाम, सुशील अग्रवाल, अजय पटेल, श्रीमती मधु कँवर, केआर टंडन, एनएसएस के स्वयंसेवक निखिल साहू, हुमांशु साहू, लोमेश कश्यप, विनय सोनी, सुषमा बंजारे, साहिन बानो तथा छात्रों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा से मिली योजनाओं की जानकारी

**कोरबा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बुधवार को विकासखंड कोरबा के ग्राम रजगामार, कोरकोमा, विकासखंड कटघोरा के ग्राम जेंजरा और हुंकरा, पोडी उपरोडा के पाथा, ऐतमानगर, करतला विकासखंड ग्राम चोरभट्ठी, मदवानी, विकासखंड पाली के ग्राम पटपरा और नवापारा में शिविर का आयोजन किया गया। इसी तरह नगर पालिक निगम कोरबा अंतर्गत दादर चौक वार्ड क्रमांक 31 उपस्वास्थ्य केंद्र के पास, वार्ड क्रमांक 40 में शिविर लगाया गया। शिविर में केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें योजनाओं की जानकारी दी गई।

कार्यकर्ता व सहायिकाओं को दिया जाता था संचालन का प्रशिक्षण

# जिले में आंगनबाड़ी प्रशिक्षण केंद्र हुआ बंद, प्रशिक्षण के लिए राजधानी की दौड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

जिले में महिला बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को दिए जाने वाला प्रशिक्षण कार्यक्रम बंद हो गया है। अब प्रशिक्षण के लिए राजधानी मुख्यालय जाने की मजबूरी हो गई है। पूर्व में प्रशिक्षण केंद्र जिला मुख्यालय में संचालित होते थे। जहां पड़ोसी जिले के भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका प्रशिक्षण लेने पहुंचते थे। अब कार्यकर्ताओं को योजना संबंधी प्रशिक्षण मिलना ही बंद हो गया है।

आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले बच्चों और महिलाओं को किस तरह के पोषण आहार देना है उनके वजन और टीकाकरण जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रम के संचालन को लेकर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम चला करता था। जिसके लिए प्रशिक्षण केंद्र भी बनाया गया था। जहां कोरबा ही नहीं बल्कि रायगढ़ जिले के कार्यकर्ता प्रशिक्षण लेने कोरबा आते थे। जिनके रहने और खाने की व्यवस्था कोरबा में ही किया जाता था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले की 2650 केंद्रों के कार्यकर्ताओं को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया जाता था ताकि प्रशिक्षण प्राप्त कार्यकर्ता राष्ट्रीय कार्यक्रमों का संचालन बेहतर ढंग से कर सके एवं बच्चों के पौष्टिक आहार का वितरण भी नियम से हो सके। इसके साथ ही राज्य शासन से मिलने वाले सर्वे का प्रपत्र का संसाधरण करने का प्रशिक्षण भी दिया जाता था। पिछले दो साल से प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरी तरह से बंद कर दिया गया है और प्रशिक्षण केंद्र भी बंद हो गए हैं। अब किसी तरह का प्रशिक्षण लेने के लिए राजधानी मुख्यालय की दौड़ लगानी पड़ती है। अब ऐसे प्रशिक्षण जिला स्तर में भी नहीं हो रहे हैं न ही कोई दिशा निर्देश महिला विकास विभाग शासन स्तर से मिले हैं।

#### मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया जाता था प्रशिक्षण

प्रशिक्षण केंद्र में स्वयं सेवी संस्थाओं के मास्टर ट्रेनर के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को प्रशिक्षण दिया जाता था। जिन्हें स्वयं राज्य स्तर पर प्रशिक्षित किया जाता था ऐसे मास्टर ट्रेनर जिला मुख्यालय के प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षण देने पहुंचते थे। स्वयं सेवी संस्थाओं के द्वारा ही प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन होता था। साथ ही साथ मास्टर ट्रेनर आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर कार्यकर्ता व सहायिकाओं को यूनिसेफ द्वारा जारी की गई गाईडलाइन के तहत प्रशिक्षण के बारिकियों से अवगत कराया जाता था।

#### कई आंगनबाड़ी केंद्रों में पद रिक्त

कई आंगनबाड़ी केंद्र जिले में ऐसे हैं जहां कार्यकर्ता के पद रिक्त हैं या फिर सहायिका के पद रिक्त हैं। जहां कार्यकर्ता नहीं है वहां सहायिका के भरोसे ही केंद्रों का संचालन होता है। कुछ केंद्र ऐसे हैं जो भवनविहिन है। कुछ की हालत भौतिक रुप से जर्जर बनी हुई है। जिनके मरम्मत के प्रस्ताव भी विभाग शासन स्तर पर भेजा है, जिसपर शासन की ओर से स्वीकृति नहीं मिली है। यही कारण है कि फंड की कमी की वजह से केंद्र की मरम्मत नहीं हो पा रही है।

## चार ट्रैक्टर जब्त, अवैध उत्खनन परिवहन पर की गई कार्रवाई


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के लगभग सभी रेत घाट बंद पड़े हुए हैं। ऐसे में रेत तस्कर खदानों में घुसकर बड़े पैमाने पर रेत की चोरी कर रहे हैं, जिससे शासन को भारी नुकसान हो रहा है। रेत चोरों के खिलाफ एक्शन मोड में आ गई। है।

बुधवार को खनिज विभाग की टीम ने अलग अलग क्षेत्रों में कार्यवाही कर रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन करते हुए चार ट्रेक्टर को जब्त किया है। कलेक्टर सौरभ कुमार द्वारा खनिज विभाग को जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन रोकने के कड़े निर्देश लगातार दिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन और परिवहन में संलग्न चार ट्रैक्टरों पर कार्यवाही की गई है। खनिज अधिकारी प्रमोद नायक ने बताया कि रात्रि में कार्यवाही के पश्चात जब्त ट्रैक्टर सीजी 12 यू 0359 सलिहाभाठा, ट्रैक्टर जॉन डियर (बिना नंबर) प्रगति नगर एनटीपीसी, ट्रैक्टर जॉनडियर (बिना नंबर) कुदरमाल, ट्रैक्टर जॉन डियर (बिना नंबर) कुदुरमाल को थाने में रखा गया है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए खनिज अधिकारी प्रमोद नायक के मोबाइल नंबर 7587350731 में संपर्क किया जा सकता है।

# मजदूरी भुगतान के प्रकरण ही जाते हैं लोकपाल के पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मनरेगा के मजदूरी भुगतान के प्रकरणों के निराकरण हेतु गठित किए गए लोकपाल के पास सामान्य शिकायतें दायरे में नहीं आती और इधर मजदूरी भुगतान भी सीधे ऑनलाइन होने से अब ऐसी शिकायतों का दौर भी खत्म हो चला है। ऑफलाइन के समय फर्जी मजदूरी भुगतान के प्रकरण जनदर्शन में बढ़चढ़कर आते थे जिन्हें लोकपाल को भेजा जाता था। अब जनदर्शन में भी ऐसी शिकायतें नाम मात्र ही रह गई है।

ग्रामीण अंचलों में रोजगार देनी वाली केंद्र सरकार की महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के मजदूरी भुगतान के प्रकरणों का निराकरण करने हेतु लोक पाल प्रकोष्ठ बनाया गया था। जहां मजदूरी भुगतान नहीं होने, लंबित रहने या फर्जी मास्टर रोल तैयार कर मजदूरी राशि का गबन करने जैसे प्रकरण लोकपाल के दायरे में आते थे। ऐसे प्रकरणों की सुनवाई कर लोकपाल सीधे कार्यवाही का आवार्ड पारित करता था जिसमें सरपंचों से वसूली को लेकर मजदूरी भुगतान करने के निर्देश भी शामिल रहते थे। ऐसे तमाम तरह के प्रकरणों को लेकर ग्रामीण सीधे कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचा करते थे। जिन्हें जिला पंचायत को प्रेषित कर दिया जाता था। जब से जॉब कार्डधारी मजदूरी की मजदूरी ऑनलाइन हुई है तब से इस तरह के प्रकरण आना बंद हो गया है। मजदूरों के खाते में मजदूरी अब सीधे पहुंच रही है जो कभी मैनुअल भुगतान हुआ करता था। जिसमें मजदूरी राशि गबन को लेकर पहुंचा करती थी। कई मामलों में कार्यवाही संबंधित लोगों के खिलाफ हुई है। ऑफ लाइन मजदूरी भुगतान में गड़बड़ी होने के मामले में लोकपाल के पास पहुंचा करता था जहां सुनवाई पश्चात अवार्ड पारित किया जाता था और इस पर कार्यवाही होती थी। अब ऐसे मामले कम आ रहे हैं।

#### खास बातें

- सामान्य शिकायतें दायरे में नहीं आती
- मजदूरी भुगतान आनलाइन होने से शिकायतें भी कम

#### जानकारी के अभाव

जिला पंचायत में मनरेगा में लोकपाल की नियुक्ति होना महत्वपूर्ण कदम है लेकिन इसके संबंध में ग्रामीण अंचल के लोगों को लोकपाल के विषय में ज्यादा जानकारी नहीं रहती। मजदूरी संबंधी जो भी शिकायतें मजदूरों को रहती है उन शिकायतों को लेकर ग्रामीण मजदूर सीधे कलेक्टर के पास पहुंचते हैं जबकि मजदूरी संबंधी शिकायतों का निराकरण लोकपाल के दायरे में आता है और ऐसी शिकायते को लेकर ग्रामीण लोकपाल के पास नहीं पहुंचते क्योंकि उन्हें इसके संबंध में ज्यादा जानकारी नहीं रहती। वह या तो जिला पंचायत सीईओ या मनरेगा के एपीओ तक ही पहुंचते हैं ऐसे कई रिकव्हरी के प्रकरण मनरेगा प्रकोष्ठ में लंबित हैं। रोजगार सहायकों से निर्माण कार्यों की राशि वसूली किया जाना है। पूर्व में जिला पंचायत के द्वारा रोजगार सहायकों से वसूली की नोटिस भी जारी की गई थी किंतु उसके बाद भी ऐसे प्रकरण लोकपाल तक नहीं पहुंचना कहीं न कहीं विभागीय लापरवाही को इंगित करता है।

# सरायपाली बुड़बुड़ परियोजना में भूविस्थापतों ने ठप्प किया कोयला उत्पादन व परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

पाली क्षेत्र में संचालित एसईसीएल की सरायपाली बुड़बुड़ परियोजना खदान में ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के समर्थन से ग्राम पंचायत बुड़बुड़ ग्रामवासियों ने अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया गया है। यहां सुबह 6 बजे से भूविस्थापित खदान में एकत्र हुए और कामकाज को प्रभावित करते हुए उत्पादन ठप्प कर दिया है। भूविस्थापित लोगों की मांग है कि पुनर्वास नीति का उन्हें लाभ दिया जाए। पुनर्वास के बदले दी जाने वाली राशि के संबंध में इसे अपर्याप्त बताते हुए दूसरी परियोजनाओं की तरह 15 लाख रुपए प्रत्येक विस्थापित को दिए जाने की मांग की जा रही है। यदि 15 लाख रुपए नहीं दिया जा रहा है तो इन्हें जो 13 किलोमीटर दूर लाफा में बसाया जाना है उसे पाली के नजदीक 3 किलोमीटर के दायरे में बसाहट प्रदान किया जाना चाहिए।

खदान में सुबह 6 बजे से जारी गतिरोध को दूर करने के लिए महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक एवं अन्य अधिकारियों के साथ-साथ तहसीलदार, नायब तहसीलदार व पुलिस के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। उनके द्वारा दो दौर की वार्ता ऊर्जाधानी संगठन सपुरन कुलदीप व गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के पदाधिकारी ग्रामवासियों के साथ की जा चुकी है किंतु दोनों ही दौर में वार्ता असफल रही है भूविस्थापितों ने कहा है कि उनकी मांग पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिए जाने के कारण आंदोलन जारी रहेगा। बता दें कि ग्राम बुडबुड़ (सराईपाली परियोजना) में एस.ई.सी.एल. द्वारा भूमि अधिग्रहण किया जा चुका है जिसमें बसाहट एवं पुनर्वास दिया जाना है। चूंकि कोरबा जिला के अन्य खदानों में पुर्नवास के बदले दी जाने वाली राशि बढ़ाकर 10 लाख रूपये तक किया गया है किन्तु ग्राम बुडबुड में यही राशि 3 लाख रूपये है जो सौतेला व्यवहार है एवं न्याय संगत नहीं है। इस विषय पर अनेकों बार पत्र व्यवहार किया गया है किन्तु आश्वासन ही दिया गया है। चूंकि प्रबन्धन के द्वारा ही आश्वासन दिया गया था कि जो व्यक्ति 2014 में 18 वर्ष पूर्ण करता है उसे भी पुर्नवास हेतु पात्र माना जाएगा किन्तु यह भी केवल झूठा आश्वासन निकला जिसके कारण समस्त ग्रामवासी आक्रोशित हैं एवं अनिश्चितकालीन खदानबंदी हेतु मजबूर हैं। इस कड़ी में 20 दिसम्बर से सराईपाली परियोजना में ब्लास्टिंग, उत्खनन, उत्पादन व डिस्पेच अनिश्चितकालीन पूर्ण रूप से बंद शुरू कर दिया गया है। आंदोलन में तीरथ केशव, आशु लाल, चंदन सिंह बंजारा, शत्रुहन कर्पी, किर्ती सिंह बिंझवार, अमृत लाल नायक, जनक निषाद, राधे नायक, रामचरण यादव, अमर लाल, नरेंद्र ठाकुर, मनहरण लाल, राजग्वाल यादव, उर्मिला नायक, हरेली बाई, सोनकुंवर, भागमती बाई, सरस्वती यादव, चंद्रपाल विनायक, अनोज पालके, ऊर्जाधानी संगठन से टीपक यादव ललित महिलांगे अनसुईया राठौर सतीश चंद्रा, गोंगपा से विमल कुमार मरावी संभागीय अध्यक्ष,जगत कुमार नेताम जिलाध्यक्ष, प्रकाश कोर्राम जिला उपाध्यक्ष,दीपक श्याम, निलेश श्याम,जयप्रकाश मरावी,विजय ओरखे, गणेश उइके,चन्द्रपाल मरावी,रवि जगत,प्रमाद कुसरो, रामभजन जगत संदीप कंवर सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

#### खास बात

- पुनर्वास नीति का सही लाभ दिए जाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन

# जिले में 25 हजार से अधिक किसानों में बंटेगी 77 लाख रुपए से अधिक की बोनस राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रदेश में नवगठित भाजपा सरकार द्वारा अपने पिछले कार्यकाल के दो वर्ष के बोनस की घोषणा पर अमल शुरु कर दिया है। प्रदेश सरकार की इस घोषणा से जिले के 25 हजार 956 किसानों को 77 लाख 86 हजार 8 सौ रुपए की एक बड़ी बोनस राशि वितरीत की जाएगी। जिसकी तैयारियां जिला प्रशासन द्वारा कर ली गई है। जिला सहकारी बैंक ने किसानों के बोनस को लेकर विस्तृत जानकारी भी शासन को प्रेषित कर दी है।

25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपई के जयंती अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सुशासन दिवस के रुप में मनाया जाता है। उनके जन्मदिन के अवसर पर भाजपा द्वारा विभिन्न तरह के शासकीय कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस वर्ष आसन्न विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में अपने शासित कार्यकाल के पिछले दो वर्ष का बोनस देने की घोषण की थी और इसे अपने घोषणा पत्र में शामिल किया था। प्रदेश में सत्ता में काबिज होने के साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पिछले दो वर्ष के बोनस देने के आदेश पर हस्ताक्षर किए। प्रदेश सरकार की इस घोषणा से जिले के 25 हजार 956 किसान दायरे में आये हैं। जिला सहकारी बैंक के द्वारा जो जानकारी प्रेषित की गई है उसके तहत वर्ष 2014-15 के 13879 एवं 2015-16 के 12077 किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के बोनस राशि का वितरण किया जाएगा। खाद अधिकारी जेके सिंह ने बताया कि वर्ष 2014-15 में 13879 किसानों से 91714.50 टन धान की खरीदी की गई थी। जिसकी बोनस राशि 2751.435 लाख रुपए होती है। इसी तरह खरीफ वर्ष 2015-16 में कुल 12077 किसानों से 82052.43 टन धान की खरीदी की गई थी जिसकी कुल बोनस राशि 2461.5729 लाख रुपए होती है जिसका भुगतान सीधे उनके खाते में किया जाएगा। बोनस राशि दिये जाने के साथ ही धान बेचने वाले किसानों की संख्या बीते कुछ वर्षों से लगातार बढ़ोत्तरी होती जा रही है। वर्ष 2014-15 के बाद से वर्तमान स्थिति तक किसानों की संख्या में दोगुनी वृद्धि हो गई है।

#### खास बातें

- वर्ष 2014-15 के 13879 व वर्ष 2015-16 के 12077 किसान आए दायरे में
- पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती पर जारी होगी राशि

#### तीन सौ प्रति क्विंटल की दर से मिलेगा बोनस

किसानों को 3 सौ प्रति क्विंटल की दर से बोनस राशि का वितरण किया जाएगा। इसके लिए जिला एवं ब्लॉक व समिति स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर बोनस राशि वितरीत की जाएगी। कार्यक्रम आयोजित करने हेतु सभी विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी भी कर दिए हैं। 25 दिसंबर को समिति स्तर से लेकर जिला स्तर में वृहद कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारियां शुरु कर दी गई है।

## उड़ता में रासेयो का सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार


शिविर में उपस्थित छात्र छात्राएं।

राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्र की भावी युवाशक्ति के व्यक्तित्व विकास हेतु भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित एक सक्रिय योजना है। इसके अंतर्गत युवाओं को विशिष्ट शारीरिक, बौध्दिक, सांस्कृतिक, एवं सामाजिक विधाओं में प्रशिक्षण देने हेतु समस्त विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में सात दिवसीय विशेष शिविर का प्रावधान है। इसी कड़ी में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर से संबंध शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार की महिला एवं पुरुष इकाई का संयुक्त सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम उड़ता, विकासखण्ड पाली में नशामुक्त समाज के लिए युवा की थीम पर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक प्रेमचंद पटेल के करकमलों द्वारा हुआ। संस्था प्राचार्य डॉ. शिखा शर्मा के संरक्षण व मार्गदर्शन में आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम की अगुवाई करते हुए रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अखिलेश पाण्डेय ने रासेयो के समस्त पहलुओं से सभा को अवगत कराते हुए कहा कि स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व विकास हेतु आयोजित हो रहे उक्त शिविर में छात्रों के नैतिक व चारित्रिक विकास, साइबर क्राइम, यातायात के नए नियमों की जानकारी, जल संरक्षण, नशा मुक्ति हेतु मुहिम, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, पोषण जागरुकता, योग का विशेष प्रशिक्षण, एवं विभिन्न सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन हेतु जागरुकता गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। इस दौरान महिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रानू राठौर, रघुराज सिंह, कुमार सिंह कंवर, डॉ. रामकुमार श्रीवास, राजमहल निर्मलकर, पंकज खरे, कन्हैया सिंह कंवर, मास्टर ट्रेनर, रामेश्वर राम आदित्य, नवीन शर्मा, मो. ऐहतेशाम, आशीष अग्रवाल, विपिन शर्मा, शंकर दास महंत, विनोद कुमार पटेल, अमरनाथ पटेल आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## मायुमं का प्रांतीय पिकनिक एवं दीपावली मिलन कार्यक्रम

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा करगी रोड कोटा के आतिथ्य में प्रांतीय पिकनिक एवं दीपावली मिलन का आयोजन किया। इस आयोजन में प्रदेश से 500 से अधिक मंच साथी एवं परिवारजन उपस्थित रहे। करगी रोड शाखा के अध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल एवं सचिव आकाश अग्रवाल ने काफी शानदार व्यवस्था की थी। प्राकृतिक सौन्दर्य से भरपूर कोटा की धरती में पिकनिक में हौजी प्रतियोगिता, लाइव बैंड, म्यूजिक, डीजे, बोटिंग, कुर्सी दौड़ सहित अनेक मनोरंजक कार्यक्रमों के साथ लजीज व्यंजनों ने सभी मंच साथियों का मन मोह लिया। प्रांतीय अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने बताया कि सेवा के साथ साथ मनोरजन होने सेवा कार्यों की क्षमता कई गुना अधिक हो जाती है। इस अवसर पर अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, निवृतमान प्रांतीय अध्यक्ष अमर सुल्तानिया, कार्यकारी प्रांतीय अध्यक्ष प्रशान्त गांधी, राष्ट्रीय संयोजक श्रीमती रीना केडिया, राष्ट्रीय सहायक मंत्री अंशुल गोयल, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती अर्चना गर्ग, प्रांतीय महामंत्री राज अग्रवाल, प्रांतीय उपाध्यक्ष दीपक सिंघानिया, प्रांतीय उपाध्यक्ष श्रीमती आशा अग्रवाल, प्रांतीय संयुक्त मंत्री सुमित अग्रवाल, पूर्व उपाध्यक्ष श्रीमती राखी अग्रवाल, श्रीमती संगीता मित्तल, मंच की वरिष्ठ सदस्य श्रीमती मंजुला अग्रवाल एवं मंच के सभी वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### श्री राम मंदिर के निमंत्रण पत्र पहुंचे रायगढ़

**रायगढ़।** श्री राम मंदिर गृह संपर्क अभियान समिति रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि अयोध्या में संपन्न होने वाले भव्य श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की निमंत्रण पत्रिका वितरण हेतु रायगढ़ पहुंच चुकी है। निमंत्रण पत्रक के साथ साथ श्री राम मंदिर का छायाचित्र भी वितरित किया जाएगा। जिसे समस्त मंडल ग्राम एवं मोहल्ले स्तर पर वितरित करवाया गया। समिति की आगामी योजना अनुसार 25 दिसंबर से निमंत्रण पत्रक सभी मंडल ग्राम एवं मोहल्ले तक पहुंचाये जाने है। 1 जनवरी से 15 जनवरी तक सभी परिवारों में अक्षत कलश सहित निमंत्रण पत्रिका पहुंचाने की योजना है। श्री राम लला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा आगामी 22 जनवरी 2024 को प्रातः 11.45 पर संपन्न होगी।

### ढाबे से अंग्रेजी शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**रायगढ़।** 20 दिसंबर को थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चंद्र को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि लैलूंगा रोड़ के गुप्ता ढाबा में अवैध रूप से ग्राहकों को शराब परोसा जाता है। थाना प्रभारी द्वारा तत्काल थाने के सहायक उप निरीक्षक राजेश मिश्रा के हमराह स्टाफ कार्यवाही के लिए रवाना किया गया। घरघोड़ा पुलिस की टीम द्वारा गुप्ता ढाबा पर रेड कर काउंटर पर बैठे व्यक्ति विनोद प्रसाद गुप्ता से ढाबे में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री के संबंध में पूछताछ किया गया जिस पर ढाबा संचालक विनोद गुप्ता द्वारा ढाबा पर शराब रखना स्वीकार किया और ढाबा से 30 पाव गोवा अंग्रेजी शराब और 12 पाव देशी प्लेन शराब कुल 42 पाव शराब कीमत 4560 रुपए का लाकर पेश किया गया। घरघोड़ा पुलिस द्वारा गवाहों के समक्ष आरोपी विनोद प्रसाद गुप्ता पिता स्व. चन्द्रिका साव उम्र 47 साल साकिन वार्ड नंबर 13 घरघोडा, थाना घरघोडा जिला रायगढ से विधिवत शराब की जप्ती कर आरोपी पर थाना घरघोड़ा में 34(2) 59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

## निधन

### प्रतिमा वर्मा



**रायगढ़।** नगर के मालधक्का निवासी स्व अशोक कुमार वर्मा की 77 वर्षीय धर्मपत्नी श्रीमती प्रतिमा वर्मा का 20 दिसंबर को दिन में 2 बजे दुखद निधन हो गया उनकी अंतिम यात्रा 21 दिसम्बर 2023 को प्रातः 10 बजे उनके माल धक्का स्थित निवास से मुक्ति धाम कया घाट के लिए निकाली गई। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया श्रीमती वर्मा विकास वर्मा रेलवे गार्ड एवं विवेक वर्मा क्रिकेट खिलाड़ी और क्षेत्रीय दवा अधिकारी की माता थी वे अपने पीछे पुत्र पुत्रियों नाती पोतों से भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गई।

### गोपाल दुबे



**रायगढ।** नगर निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारी गोपाल दुबे पिता स्व. रसिक प्रसाद दुबे का 21 दिसंबर को निधन हो गया। 65 वर्षीय स्व. दुबे रायगढ समेत विभिन्न नगरीय निकायों मे लंबी सेवा के बाद सेवानिवृत्त जीवन गुजार रहे थे। उनकी अंतिम यात्रा गुरुवार दोपहर 4 बजे दरोगापारा स्थित निवास से निकाली गई तथा आयाघाट मुक्तिधाम मे अंतिम संस्कार किया गया। गोपाल दुबे के अंतिम यात्रा में बडी संख्या में नगरवासी शामिल हुए और दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### टेंकचंद नागवानी



**रायगढ।** शहर के चक्रधर नगर चौक पर स्थित मशहूर टेकू टी स्टाल के संचालक टेकचंद नागवानी टेंकूमल का बीते 19 दिसंबर को निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। स्व. टेकचंद दो पुत्रों प्रकाश व राजा नागवानी के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा 20 दिसंबर को सुबह पककी खोली स्थित आवास से निकाली गई तथा पंजीरी प्लांट स्थित मुक्तिधाम में दिवंगत का अंतिम संस्कार किया गया। टेंकूमल की अंतिम यात्रा में बडी संख्या में सिंधी समाज समेत सभी समाज के लोग शोक जताने पहुंचे थे।

### सस्ता सिलेंडर मिलने का मचा शोर, गैस एजेंसियों के बाहर लगा मेला

# उज्ज्वला योजना के लाभ के लिए ई केवाईसी सस्ते सिलेंडर के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

केंद्र सरकार ने उज्ज्वला योजना में फर्जीवाड़ा रोकने के उद्देश्य से ग्राहकों से ई.केवाईसी अनिवार्य कर दिया है। 15 जनवरी तक ई.केवाईसी होगी। जनता इस संदेश को ठीक से नहीं समझ पाई। अफसरों ने भी इस संदेश को जनता तक साफ अंदाज में नहीं पहुंचाया। शहर से लेकर जिले के कई इलाकों में शोर मच गया हऐ कि सस्ता गैस सिलेंडर सरकार दे रही है। एजेंसी पर जाकर रजिस्ट्रेशन करा लें। जिसे देखते हुए सुबह 7 बजे से ही एजेंसियों के बाहर भीड़ जमा होने लगी है। दिनभर पब्लिक गैस एजेंसियों के सामने टिकी रहती है। एजेंसी संचालकों ने तमाम लोगों को बताया कि यहां ई.केवाईसी हो रही है। खाद्य विभाग के अफसरों ने संदेश दिया है कि जनता को उज्वला योजना के लाभ के लिए ई.केवाईसी अनिवार्य रूप से करवाना होगा। सस्ते सिलेंडर के लिए उन्हें शिविरों में जाकर 15 जनवरी तक रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

शहर के इंडेन गैस एजेंसी पर लंबी कतार सुबह ही लग गई थी। 80 साल तक के बुजुर्ग व महिलाएं लाइन में लगी हुई थीं। बताया कि सस्ता सिलेंडर मिलेगा।रजिस्ट्रेशन करा लो। इसलिए एजेंसी आए हैं। कई महिलाओं ने ये बताया कि उन्हें यहां आने का कारण पता नहीं है। केवल वार्ड की महिलाएं आईं तो वह भी यहां पहुंच गईं। सैकड़ों की संख्या में लोग लाइन में लगे थे। लोगों ने बताया कि वह सस्ता गैस सिलेंडर लेने आए हैं। कुछ ने ई.केवाईसी करवाने की बात कही। इंडेन गैस एजेंसी पर ग्राहकों की भीड थी। जागरुक लोगों को पता था कि ई.केवाईसी के लिए लाइन लगी है तो कुछ को कोई जानकारी नहीं थी। यहां ग्राहकों को गैस पाइप भी दिया जा रहा था। कर्मचारी ने बताया कि कंपनी के निर्देश पर पांच साल वाले गैस उपभोक्ताओं को ये दी जाती है।



ई केवाईसी के लिए गैस एजेंसियों में लगी भीड़।

#### इस तरह होगी ई.केवाईसी

मिनिस्ट्री ऑफ पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस के निर्देश पर गैस एजेंसियों के उपभोक्ताओं की ई.केवाईसी की जा रही है। इसके लिए जिस उपभोक्ता के नाम से गैस का कनेक्शन है, उसे स्वयं एजेंसी पर जाकर बायोमेट्रिक सत्यापन करवाना होगा। अधिक उम्र के उपभोक्ता, जिनके अंगूठे के प्रिंट नहीं आ रहे हैं, उनके फेसएप से बायोमेट्रिक सत्यापन किया गया। उज्ज्वला योजना का लाभ इसी के जरिए मिलेगा। योजना की सब्सिडी भी ग्राहक के खाते में सीधे जाएगी। फर्जीवाड़ा रुकेगा। सस्ता सिलेंडर भी इसी आधार पर मिलेगा।

#### व्यवस्था पहले ही धड़ाम

ई.केवाईसी के लिए एजेंसियों पर जनता को पहुंचना था। इससे पहले ही एजेंसियों के अलावा संबंधित अफसरों को जनता के लिए सुविधाएं करनी चाहिए थी। एजेंसियों पर अतिरिक्त स्टाफ लगाकर काम करवाना चाहिए था लेकिन लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दिनभर लोग खड़े रहे लेकिन उनका ई.केवाईसी नहीं हो पा रहा। खाद्य विभाग के मुताबिक उज्ज्वला योजना के लाभ के लिए ग्राहकों को संबंधित गैस एजेंसियों पर जाकर ई.केवाईसी करवाना होगा। इसकी ऑनलाइन प्रक्रिया भी है। सस्ते गैस सिलेंडर के लिए हर क्षेत्र में शिविर लगाए जा रहे हैं। वहां अलग से रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। गैस एजेंसी संचालकों का कहना है कि मंत्रालय के मौखिक निर्देश हैं कि सभी गैस उपभोक्ताओं की ई.केवाईसी की जाए। शुरूआत से ही सर्वर धीरे चल रहा हैए इसलिए परेशानी हो रही है। इसमें सभी गैस उपभोक्ताओं का आधार के साथ बायोमेट्रिक सत्यापन किया जारहा है।

#### फैक्ट फाइल

रायगढ़ जिले में गैस एजेंसी उपभोक्ता

| | |
|---|---|
| इंडियन ऑयल | 80 हजार |
| हिंदुस्तान पेट्रोलियम | 60 हजार |
| भारत पेट्रोलियम | 20 हजार |

## वर्ष का सबसे छोटा दिन और सबसे लंबी रात आज

पौने 11 घंटे का दिन और सवा 13 घंटे की होगी रात



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

साल का आखिरी महिना दिसंबर में कई खास बातें होती हैं। इन्हीं में से एक है विंटर सॉल्सटिस जो 22 दिसंबर को है। यानी शुक्रवार को साल का सबसे छोटा दिन और रात सबसे लंबी होगी। सूर्य के मकर रेखा पर लंबवत होने से 22 दिसंबर को 10 घंटे 41 मिनट का दिन होगा और रात 13 घंटे 19 मिनट की होगी।

वैज्ञानिक कारण है कि पृथ्वी के सूर्य के चारों ओर भ्रमण करने से 22 दिसंबर की सूर्य की क्रांति 23 अंश, 26 कला व 17 विकला दक्षिण होगी। इससे भारत सहित उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित सभी देशों में सबसे छोटा दिन तथा सबसे बड़ी रात होगी।

इस दिन सूर्योदय 7 बजकर 5 मिनट और सूर्यास्त 5 बजकर 46 मिनट पर होगा। इससे दिन की अवधि 10 घंटे और 41 मिनट की रहेगी। रात की अवधि 13 घंटे 19 मिनट की रहेगी। 22 दिसंबर को ही सूर्य सायन मकर राशि में प्रवेश करेगा। इस दिन सूर्य मकर राशि में 0 अंश, 07 कला और 44 विकला पर होगा।

उत्तरायण की होगी शुरुआत 22 दिसंबर के बाद सूर्य की गति उत्तर की ओर दृष्टि गोचर होना शुरू होती है। इसे उत्तरायण का आरंभ माना जाता है। सूर्य की उत्तर की ओर गति होने से उत्तरी गोलार्द्ध के दिन धीरे धीरे बड़े होने लगेंगे तथा रात छोटी होने लगेगी। 21 मार्च, 2024 को सूर्य विशुवत रेखा पर होगा तब दिन रात बराबर होंगे।

#### शंकु यंत्र से देख सकेंगे घटना

दिन छोटे होने की घटना को शकु यंत्र के माध्यम से प्रत्यक्ष देखा जा सकता है। इस दिन शंकु की छाया सबसे लंबी होकर पूरे दिवस मकर रेखा गमन करती हुई दृष्टिगोचर होगी। इस घटना को धूप होने पर ही देख सकेंगे।

## डीएमएफ से प्रारंभ नहीं हुए कार्यों पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ खनिज संसाधन विभाग ने छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफ नियम 15 के क्रियान्वयन के संबंध में मंत्रालय द्वारा नए दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिसके तहत जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद द्वारा ऐसे कार्य जिलो प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है परंतु कार्य प्रारंभ नहीं हुए हैं ऐसे अप्रारंभ कार्यों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

■ शासी परिषद् करेगा अप्रारंभ कार्य की पुनः समीक्षा

छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास नियम 2015 के नियम 5 अनुसार जिला खनिज सस्थान न्यास का उद्देश्य खनन अथवा खनन से संबधित संक्रियाओं से प्रभावित व्यक्ति एवं क्षेत्र के हित एवं लाभ के लिए ऐसी रीति से कार्य करना है नियम 22 अनुसार न्यास निधि का उपयोग किए जाने का प्रावधान है। न्यास की गतिविधियों के सफल संचालन के लिए समय समय पर राज्य शासन द्वारा विभिन्न निर्देश जारी किए गए हैं जिनके तारतम्य में खनिज विभाग द्वारा नये निर्देश जारी किए गए हैं। जिसके तहत जिला कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास को छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास नियम, 2015 के नियम 10,11 एवं 12 1 के संदर्भ में निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया है कि छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास नियम, 2015 पथा संशोधित अन्तर्गत कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यासध्शासी परिषद द्वारा ऐसे कार्य जिन्हें प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है परन्तु कार्य प्रारंभ नहीं हुए हैं ऐसे अप्रारंभ कार्यों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने को कहा गया है। शासी परिषद् द्वारा ऐसे अपारंभ कार्य की पुन समीक्षा की जाए।

## जिंदल स्कूल सावित्रीनगर में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

21 दिसंबर 2023 ओपी जिंदल स्कूल सावित्रीनगर ने विद्यालय का 10 वां वार्षिक समारोह हर्षोल्लास, उमंग व जोश के साथ मनाया। वार्षिकोत्सव में थीम 'कलर्स ऑफ लाइफ के साथ कक्षा पहली से पाँचवीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। कार्यक्रम के दौरान ओपी जिंदल स्कूल के परिसर में उल्लास और उत्सव का माहौल छा गया।

■ ◦ वार्षिकोत्सव में नन्हे मुन्ने बच्चों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोहा

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में छवि नाथ सिंह कार्यपालक निदेशक व प्लांट हेड जेपीएल तमनार व अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वाले अन्य विशिष्ट अतिथियों में अरूप पाल, यूनिट हेड डीसीपीपी, डी. के भार्गव कार्यपालन उपाध्यक्ष सीएसआर व लॉयजन, सुनील अग्रवाला सहायक उपाध्यक्ष व प्रमुख वित्त और लेखा, जेपीएल तमनार, कनकलता सिंह,चंदना पाल, श्रीमती पुष्पा अग्रवाल,अनीता सांगवान और अनुराधा त्रिपाठी के साथ साथ अभिभावक व बच्चों के माता पिता उपस्थित रहे।

कार्यकम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पगुच्छ व दीप प्रज्वलन कर समूह संस्थापक ओ पी जिंदल बाबू जी को याद करते हुये स्वागत गीत के साथ किया गया तत्पश्चात प्रधानाचार्य राकेश शर्मा द्वारा मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया इसके उपरान्त उन्होने विद्यालय की वर्तमान स्थिति और वार्षिक रिपोर्ट के माध्यम से ओपीजेएस सावित्री नगर की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया तदउपरांन्त नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उल्लेखनीय है कि सांस्कृतिक उत्सव के थीम का उद्देश्य यह था कि ₹जीवन विभिन्न रंगों से भरा हुआ है जो कि जीवन के कई पक्षों को दर्शाता है इसे एक श्रृंखला द्वारा चिह्नित किया गया था, जिससे उत्सव का माहौल बना। बच्चों ने मित्रता के अनमोल रहस्य का संदेश देकर सबका मन मोह लिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत डीफारेस्टेशन, रेन थीम नृत्य, परिवार का महत्व और जीवन के पाँच तत्व पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पालकों के मन को अपनी ओर आकर्षित कर लिया।




छात्रों की शैक्षणिक प्रतिभा को प्रदर्शित करने वाला सम्मान समारोह प्रशंसा के योग्य था। विद्यालय दवारा प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी दसवीं और बारहवीं की बोर्ड की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को उपहार भेंटकर उनके हौशले को बढ़ाया गया। मुख्य अतिथि छवि नाथ सिंह ने अपने भाषण में कहा कि यह विद्यालय अनवरत शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी कार्य कर रहा है, और उन्होंने अभिभावकों से कहा कि जेपीएल का यह स्कूल चेयरमैन श्री नवीन जिंदल जी के सपनों को लगातार साकार कर रहा है। इस विद्यालय के छात्र छात्रायें राष्ट्रीय स्तर पर भी अपना परचम फहरा रहे हैं तथा विद्यालय कई प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त कर चुका है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। अंत में विद्यालय के मुख्याध्यापक केके पाण्डेय ने उपस्थित अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

## महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़।** अवैध शराब पर कार्रवाई के क्रम में 20 दिसंबर के सुबह थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि बालसमुंद पहाड मंदिर के पास एक व्यक्ति अपने बाड़ी में अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा तत्काल थाने के प्रधान आरक्षक रवि किशोर साय के पेट्रोलिंग आरक्षक अभय यादव और चन्द्र कुमार बंजारे को कार्यवाही के लिये रवाना किया गया। थाना चक्रधरनगर की पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा मौके पर जाकर 02 लीटर वाली स्प्राइट बाटल में महुआ शराब रखे संदेही व्यक्ति को पकड़े जो अपना नाम रमेश निषाद पिता केशबो निषाद उम्र 42 वर्ष निवासी बालसमुंद थाना चक्रधरनगर का रहने वाला बताया। संदेही रमेश निषाद के कब्जे से 4 बॉटल में भरा हुआ 8 लीटर महुआ शराब की जप्ती की गई है। आरोपी रमेश निषाद के कृत्य पर थाना चक्रधरनगर में धारा 34(2)59 (क) आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई है।

## संकल्प यात्रा में लाभार्थी गिना रहे योजनाओं के फायदे

**सारंगढ़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मेरी कहानी. मेरी जुबानी के तहत एक पिता ने सरकारी खर्च से अपने बच्ची के इलाज के बारे में बताया। पिता ने कहा मैं भुवनेश्वर पटेल निवासी कालाखूंटा विकासखंड बरमकेला, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ का निवासी हूं। जब मेरी पुत्री नहीं सुन पा रही है। यह जानकर मैं बहुत हैरान सा रह गया था। दिल बहुत रोने लगा। जब मैं बेटी के इलाज हेतु किरोड़ीमल शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ ले गया और ओएई टेस्ट जांच हुआ तो उन्होंने मुझे बताया कि समस्या है। अतः कन्फर्मेशन के लिए बेरा टेस्ट का सलाह दिए। उस समय कोरोना की हड़कम्प चल रही थी शासकीय अस्पतालों में सिर्फ इमरजेंसी सेवाएं ही हो रही थी और हमे भी कोरोना महामारी का डर था उसी समय मैंने एक रायपुर की प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज के लिए सलाह लेने गया उन्होंने बताया की हियरिंग एड मशीन से भी बच्ची सुन सकती है या इसकी कॉक्लियर इंप्लांट करवा सकते हैं लेकिन ये काफी महंगा ऑपरेशन है। फिर मैंने पूछा की इस ऑपरेशन, इलाज से क्या मेरी बेटी सुन सकेगी उसके बाद मैने हेयरिंग एड मशीन ली और उसका उपयोग करना शुरू कर दिया साथ में थेरेपी भी किए पर इसका कोई असर नहीं हुवा। फिर मैंने सारी उम्मीदें ही छोड़ दिया था। एक दिन अचानक मैंने अपने नजदीकी उपस्वास्थ्य केंद्र डोंगरीपाली पहुंचा वहां डॉ टीएल मिश्रा और नर्स मेनका पटेल से मिला। उन्होंने बताया कि आपकी बेटी का इलाज चिरायु योजना राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से हो सकता है। फिर उन्होंने पूरी जानकारी के साथ मुझे बरमकेला के चिरायु टीम के डॉ पीडी खरे से संपर्क करवाए। टीम द्वारा जांच व चिन्हांकन के पश्चात चिरायु आईडी से 19 अगस्त 2021 को तत्काल मेडिकल कॉलेज रायगढ़ रिफर किया। जहां समस्त जांच के बाद एम्स अस्पताल रायपुर रिफर किया गया। आवश्यक जांचोपरांत थेरेपी की सलाह दिए जिसे हमारे परिवार द्वारा समय पर पूर्ण कर लिया गया।



## अभी ठंड से राहत नहीं, दो डिग्री तक और गिरेगा पारा

**रायगढ।** मौसम विभाग के अनुसार सभी शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे गिर गया है। बुधवार को दिन में भी उत्तरी हवाओं ने लोगों को ठंड का अहसास कराया। दिन का पारा सामान्य से 3 डिग्री तक कम हो गया है। मौसम विभाग के मुताबिक 22 दिसंबर से एक नए पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत में सक्रिय हो सकता है। इस कारण प्रदेश के मौसम में भी बदलाव देखने को मिल सकते हैं। मौसम विभाग की माने तो अगले दो तीन दिन तक सर्द उत्तरी हवाएं प्रदेशवासियों को ठिठुराती रहेगी। प्रदेश में उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाएं लगातार आ रही हैं जिसके कारण न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट देखने को मिल रहा है। अगले 24 घंटे में प्रदेश में ठंडी और शुष्क हवा के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर जारी रहेगा। वहीं प्रदेश में मौसम शुष्क रहने तथा दिन के तापमान में ज्यादा बदलाव होने की संभावना नहीं है। 22 दिसंबर को एक पश्चिमी विक्षोभ भारत के उत्तर.पश्चिमी राज्यों को प्रभावित करेगा, जिससे हवा में नमी की मात्रा बढ़ेगी। साथ ही हवा की दिशा में परिवर्तन हो सकती है, जिसकी वजह से न्यूनतम तापमान में 22 दिसंबर से वृद्धि होने की संभावना बन रही है। 25 दिसंबर तक मौसम प्रभावित रहने की संभावना है। प्रदेश के कुछ जिलों में 23-24 दिसंबर को हल्के बादल छा सकते है।

## स्काउट-गाइड के साप्ताहिक शिविर का उद्घाटन



**कटेली।** सात दिवसीय आवासीय स्काउट गाइड बेसिक कैम्प का आयोजन 19 से 25 दिसंबर तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केडार में आयोजित किया गया है।

प्रथम दिवस उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिवकुमारी सारधन चौहान रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता हितेश कुशल साहू सरपंच ग्राम पंचायत केडार ने किया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवती साहू सरपंच ग्राम पंचायत अमलडीहा, सोमा ठाकुर, बीईओ जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सारंगढ़, मुकेश कुमार कुर्रे, बीईओ सारंगढ़, रवि कुमार डोंगरे, बीईओ सारंगढ़, डी एल जायसवाल प्राचार्य शास उच्च माध्य शाला केडार, अनुराधा साहू समाज सेविका, फिरतीन बाई समाज सेविका, द्वारिका साहू पंच प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

जिले के लगभग 550 शिक्षक शिक्षिकाओं ने पंजीयन कराया। सर्वप्रथम अतिथियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ। प्रशिक्षार्थियों का उत्साह बढ़ते शिवकुमारी सारधान चौहान ने उद्बोधन देते हुए कहा कि इस तरह के बड़े कैंप का आयोजन हमारे गांव में होना हमारा सौभाग्य है। स्काउटिंग जीवन में बहुत बदलाव लाता है। इस प्रशिक्षण का लाभ लेते हुए अपने विद्यालय के बच्चो को अच्छा नागरिक बनाने में सहयोग देने की बात कही। हितेश कुशल साहू सरपंच ग्राम पंण्केडार ने संबोधित करते हुए सबसे पहले उपस्थित प्रशिक्षार्थियों का अपने ग्राम पंचायत में प्रशिक्षण लेने हेतु स्वागत किया तथा बधाई दी।

